# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 12.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. कृषि खाद्य प्रणाली पर वैश्विक सम्मेलन के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महिलाओं को कृषि अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बताया।
2. असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पी एम किसान सम्मान निधि की बाइसवीं किस्त जारी करने के साथ–साथ ए आई आधारित भारत विस्तार प्लेटफॉर्म की शुरूआत करेंगे।
3. राजधानी श्री विजयपुरम के साथ–साथ मायाबंदर, डिगलीपुर और कैम्पबेल बे में चौदह मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का एक साथ आयोजन किया जाएगा।
4. नाबार्ड में राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक में विभिन्न फसलों और कृषि गतिविधियों के वित्तपोषण के मानकों की समीक्षा की गई।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि कृषि, विशेषकर कृषि–खाद्य प्रणालियों में कार्यरत महिलाओं के नेतृत्व को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में कृषि–खाद्य प्रणाली 2026 में महिलाओं की भूमिका पर वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारत ने महिला नेतृत्व वाली विकास रणनीति अपनाई है। फसल को बोने, काटने, प्रसंस्करण करने और हाट बाजार में ले जाने जैसे सभी गतिविधियों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मछली पालन, मधुमक्खी पालन, पशु पालन बननो उपजों, के समुचित उपयक्तता तथा कृषि पर आधारित उद्यमों को चलाने जैसे अनेक क्षेत्रों में हमारी माताएं–बहने और बेटियां अथक परिश्रम करती हैं। ये कृषि अर्थव्यवस्था को अमूल्य योगदान देते हैं। इस अवसर पर कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में कृषि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और वे इसमें योगदान देते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से लगभग 9 करोड़ 32

लाख किसानों के बैंक खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए ए आई–आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म, भारत विस्तार के पहले चरण का शुभारंभ किया है। यह किसानों को कृषि संबंधी प्रश्नों की व्यापक जानकारी प्रदान करेगा। इसके अंतर्गत किसानों को उनकी अपनी भाषाओं में फोन कॉल के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से असम के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

<><><><><><>

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि उन्होंने हमेशा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि सदन की कार्यवाही निष्पक्षता, अनुशासन, संतुलन और नियमों के अनुसार संचालित हो। विपक्ष द्वारा उनके निष्कासन की मांग वाले प्रस्ताव पर बयान देते हुए श्री बिरला ने कहा कि उन्होंने सभी के साथ सहयोग और सद्भाव बनाए रखते हुए व्यवस्था और दक्षता कायम रखकर अपनी जिम्मेदारी पूरी की है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने हमेशा सदन की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा को निरंतर बनाए रखने का प्रयास किया है तथा सभी सदस्यों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने का प्रयास किया है।

<><><><><><>

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड ने आश्वासन दिया है कि देशभर में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति बनी हुई है। सोशल मीडिया पोस्ट में कंपनी ने कहा कि देशभर में उसके पेट्रोल पंप पूरी तरह चालू हैं और पेट्रोल, डीजल तथा अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। कंपनी ने ग्राहकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की है।

<><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किय जाएगा। यह लोक अदालत श्री विजयपुरम के जिला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–मंडल न्यायालय परिसर, डिगलीपुर तथा कैंपबेल बे के सर्किट न्यायालय में एक साथ आयोजित होगा। लोक अदालत में धन वसूली, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल संबंधी प्रकरण, भरण–पोषण वाद तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों को शामिल किया जाएगा।

<><><><><><>

दिव्यांगजन के अंतर्राष्ट्रीय व्हीलचेयर दिवस के अवसर पर हाल ही में कार निकोबार जिला परियोजना कार्यालय ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए व्हीलचेयर आधारित गतिविधियों और मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निकोबार जिले के समग्र शिक्षा के जिला परियोजना अधिकारी स्वपन पाइक ने किया। कार्यक्रम में बारह विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें व्हीलचेयर के उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता सत्र शामिल था। कार्यक्रम में व्हीलचेयर में सुरक्षित तौर पर बैठने व चलाने का प्रदर्शन तथा व्हीलचेयर के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

राज्य स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आज नाबार्ड के सम्मेलन कक्ष में कृषि निदेशक राकेश दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में विभिन्न मौसमी फसलों, सब्जियों, पुष्प कृषि, फलों, मसालों, मधुमक्खी पालन और औषधियाँ एवं सुगन्धित फसलों के वित्तपोषण के पैमानों को निर्धारित करने पर समीक्षा की गई। कार्यक्रम में वर्ष 2026–27 के लिए कार्यशील पूँजी के रूप में के सी सी मछुआरों और के सी सी पशुपालन के लिए वित्तपोषण के पैमाने को निर्धारित करना भी शामिल था। बैठक में एस एल टी सी के अध्यक्ष तथा सदस्यों ने एजेन्डों पर चर्चा करते हुए कृषि क्षेत्र में बेहतर ऋण वितरण और उपलब्धियों के लिए सुझाव दिए। इस विषय में नाबार्ड के डी जी एम राकेश पागट ने कहा–

**बाइट– डी जी एस– 44 से0**

<><><><><><><>

अंडमान कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आज कॉलेज के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मशाल प्रज्ज्वलन और विद्यार्थियों की मार्च पास्ट से हुई। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा सचिव एल. कुमार तथा विशिष्ट अतिथि टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या मंजू लता देवी थीं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. जयकुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में छात्रों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिताओं के बाद विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

<><><><><><><>

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जून सत्रांत परीक्षा 2026 के लिए पंजीकरण की घोषणा कर दी है। पात्र छात्रों को सलाह दी है कि वे अपने परीक्षा फॉर्म आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से

ऑनलाइन जमा करें। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। अधिक जानकारी के लिए छात्र श्री विजया पुरम स्थित इग्नू क्षेत्रीय केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने मार्च माह के लिए बैरन द्वीप के लिए विशेष राउंड क्रूज यात्राओं की घोषणा कर दी है। जहाज 'नालंदा' निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कल तथा 27 मार्च को रात 9 बजे रवाना होगा। यात्री जहाजरानी सेवा निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से टिकट बुक करा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध कराया गया है।

<><><><><><><>